Title: Need to re-start the Ganesh Sugar Mill at Maharajaganj,Farinda in Uttar Pradesh -laid.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): उत्तर प्रदेश में महाराजगंज, फरीन्दा(उ.प्र.) में स्थित गणेश शूगर मिल लगभग तीन-चार वर्ष से बंद पड़ी है। मिल के बंद होने के परिणामस्वरूप हजारों कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। सरकार को शीघ्र ही मिल को चलाने की व्यवस्था करनी चाहिए। उक्त मिल को पुनः चलाने पर अधिकतम एक करोड़ रुपये की धनराशि व्यय होने का अनुमान है। यदि सरकार इस मिल को स्वयं न चलाए तो इसे निजी क्षेत्र द्वारा चलाए जाने की व्यवस्था की जा सकती है। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त मिल को शीघ्र पुनः चलाने की व्यवस्था करे जिससे मिल के बंद होने के परिणामस्वरूप बेरोजगार हुए हजारों कर्मचारियों को रोजगार उपलब्ध हो सके।